प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में करीब एक हजार पांच सौ तैंतीस करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
2. मुख्यमंत्री ने टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर की बैठक : कहा– सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, पूर्व कुलपति और शिक्षाविद निभाएंग निक्षय मित्र की जिम्मेदारी।
3. राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने कासगंज के चंदन गुप्ता हत्याकांड मामले में सुनाया फैसला : 28 आरोपी दोषी करार, कल होगा सजा का ऐलान। और
4. राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 घोषित : उत्तर प्रदेश के पैरा एथलोट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल और पैरा एथलीट प्रीतिपाल को मिलेगा अर्जुन अवार्ड।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी, किसान हित और खाद्य एवं दवा सुरक्षा से जुड़ी एक हजार 533 करोड़ रुपय की नौ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा उनकी सरकार

प्रदेश में विकास का माहौल बनाने में जुटी हुई है। इसमें बंद कारखानों को दोबारा शुरू करने से लेकर रोज़गार और पर्यटन को बढ़ावा देना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में नए साल में उत्तर प्रदेश नई गति से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। बाइट....

*नए निवेश आ रहे हैं अकेले गोरखपुर में पिछले पांच वर्ष के अंदर पंद्रह हजार से लेकर बीस हजार करोड़ रुपए का निवेश तो जमीनी धरातल पर उतरा है जिसमें उद्योग लग चुके वह चल रहे हैं। हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार के कारण गारंटी मिली है यहां के नौजवानों को नौकरी और रोजगार की गारंटी मिली है। नए साल में नए गति के साथ हम आगे बढ़ेंगे विकास में उत्तर प्रदेश अब पीछे नहीं रहने वाला है और उत्तर प्रदेश का नौजवान उत्तर प्रदेश के अंदर ही नौकरी और रोजगार पाएगा।*

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि विभागों की तरफ से लगाएगए स्टालों को देखा। साथ ही कृषि नमा ड्रोन के स्टाल पर नमो ड्रोन दीदी से बातचीत कर हौसला अफजाई की।

————————

सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, पूर्व कुलपति और शिक्षाविद अब निक्षय मित्र की जिम्मेदारी निभाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर की गई बैठक में यह फैसला लिया है। निक्षय मित्र के रूप में ये वरिष्ठ नागरिक टीबी उन्मूलन के प्रयासों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे। बैठक में

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत से ही समर्थ भारत का निर्माण संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में टीबी रोगियों की जाँच पहले के मुकाबले चार गुना हो गयी है। बाइट......

*टीबी उन्मूलन की दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण कार्य किए हैं जिसमें टीबी रोगियों की जांच पहले के मुकाबले चार गुना बढ़ी है। निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से सत्ताईस लाख टीबी रोगियों के खाते में सात सौ पचहत्तर करोड़ रूपए की धनराशि अब तक भुगतान किया जा चुका है। पैंतालीस हजार से अधिक निक्षय मित्रों द्वारा टीबी रोगियों को गोद लिया गया। प्रदेश में टीबी उपचार की सफलता दर पिछले चार वर्ष में 79 प्रतिशत से बढ़कर के 92 प्रतिशत हो गयी है।*

निक्षय मित्र के तौर पर चुने गए आगरा के डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि क पूर्व कुलपति डॉ. अरविंद दीक्षित ने कहा कि इस अभियान के जरिये ग्रामीण और शहरी इलाकों में टीबी की रोकथाम में वे अपनी भूमिका निभाएंगे। बाइट.....

*माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा आज जो क्षय रोग उन्मूलन के लिए प्रयास किया जा रहा है, उसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ कि अवकाश प्राप्त करने के बाद जो ऊर्जा है उसका समाज के लिए उपयोग हो। हम लोगों को इस कार्य से जुड़ने का अवसर दे रहे हैं और उत्तर प्रदेश निश्चित रूप से अन्य योजनाओं के बाद भी क्षय उन्मूलन में अग्रणी स्थान स्थापित करेगा।*

———————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने कासगंज में हुए चंदन गुप्ता हत्याकांड में

छह साल बाद 28 आरोपियों को दोषी करार दिया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष के वकील ने बताया कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी की अगुवाई वाली अदालत में कल सज़ा का एलान किया जाएगा। बाइट.......

*दो मुलजिमों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया और अट्ठाईस मुलजिमों को गिल्टी होल्ड किया गया। कल जो है इस पर सुनवाई होगी।*

कासगंज पुलिस ने जुलाई 2018 में मामले को देशद्रोह की धारा से जोड़ते हुए आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसके कारण मामला एनआईए कोर्ट में स्थानांतरित हो गया था।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने आज पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को लागू करने संबंधी मामले में सुनवाई करते हुए याचिका को लंबित मामलों के साथ जोड़ने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ ने एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया है। शीर्ष न्यायालय ने आदेश दिया कि ओवैसी की याचिका को उन लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ा जाए, जहां न्यायालय ने नए मुकदमे दर्ज करने, अंतरिम या अंतिम निर्णय देने या

मस्जिदों और दरगाहों से संबंधित मामलों में सर्वेक्षण का आदेश देने पर प्रतिबंध लगाया था।

—————————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में आज सुल्तानपुर की एमपीएमएलए अदालत में सुनवाई हुई। विशेष अदालत में जिरह पूरी नहीं हो सकी, इसलिए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जनवरी की तारीख दी है। गौरतलब है कि गृह मंत्री अमित शाह को लेकर राहुल गांधी ने वर्ष 2018 के कर्नाटक चुनाव में अभद्र टिप्पणी की थी। इसे लेकर भाजपा नेता ने केस दर्ज कराया था। जुलाई में राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने आज उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की। इस अवसर पर श्री महाना ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष को प्रदेश में विधानसभा की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। यूपी विधानसभा अध्यक्ष ने श्री कल्याण को विधानसभा का भ्रमण भी करवाया। इस दौरान श्री हरविंदर कल्याण ने विधानसभा में हुए सकारात्मक बदलावों की सराहना की।

—————————

नोएडा के रहने वाले पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को इस साल के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से नवाजा जाएगा, जबकि नोएडा की ही रहने वाली शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल और मेरठ की पैरा एथलीट प्रीति पाल को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उनके खेलों में किए गए अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। खेल मंत्रालय ने आज मनु भाकर और डी गुकेश समेत 4 खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार देने का ऐलान किया है। वहीं 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार का ऐलान होने के बाद प्रवीण कुमार ने कहा कि इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बाइट....

*मैंने डाला था खेल रत्न के लिए और जब मैंने देखा की ये हो चुका है तो मैं अपने आपको प्राउड फील कर रहा हूँ अभी और मोटिवेट भी कर रहा हूँ कि मैं आगे अभी जो अपकमिंग मेरे कॉम्पिटिशन है उनमें मैं और अच्छा करूँगा और मोदी जी ने जो हमें रिस्पेक्ट जो दिलाई है पूरे इंडिया में की डिसेबल पर्सन, दिव्यांग लोग भी कुछ कर सकते हैं वो इतना अच्छा कर रहे हैं तो आप भी कर सकते हैं तो ये प्राउड की बात है।*

———————

महाकुम्भ में आज श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी ने राजसी वैभव के साथ छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। इस अवसर पर शहर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर संतों का भव्य स्वागत किया गया। कुम्भ मेला प्रशासन की तरफ से भी अखाड़े के महात्माओं का स्वागत किया गया। छावनी प्रवेश यात्रा में चार महिला मंडलेश्वर भी शामिल हुई। छावनी यात्रा में पर्यावरण संरक्षण के कई प्रतीक भी साथ चल रहे थे। पांच किलोमीटर लंबा सफर तय करके शाम को अखाड़े ने छावनी में प्रवेश किया।

———————

मानव—वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने मानव—वन्यजीव सह अस्तित्व जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इसी अभियान को लेकर चलाई गई बाघ एक्सप्रेस आज दियोहना गांव पहुंची। यहां नुक्कड़ सभा करके ग्रामीणों को वन्यजीवों के संबंध में जानकारी दी गई। टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि यह अभियान लोगों को वन्यजीवों

के साथ शांतिपूर्ण ढंग से रहने के महत्व को समझाने और उनके संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

—————————

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण प्रदेश के अधिकांश जिले शीतलहर की चपेट में है। राजधानी लखनऊ सहित कई ज़िलों में आज दोपहर निकली धूप ने लोगों को कुछ राहत दिलाई। हालांकि सर्द हवाओं ने ठंड बरकरार रखी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने का अनुमान व्यक्त किया है, उसके बाद तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

(समाप्त)